वेंटिलेटर पर स्वास्थ्य सेवाएं, विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा जुन्नारदेव का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

जुन्नारदेव, देशबन्धु । नगर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कई वर्षों से विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमियों से जूझ रहा है जिसके चलते आदिवासी विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव के गरीब आदिवासी ग्रामीणों को लगातार स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। लगातार आवाज उठाने के बाद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरा नहीं किया जाने के चलते आदिवासी क्षेत्र की जनता को इसका खामी आज भुगतना पड़ रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में यह पद है रिक्त - सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में वैसे तो शासन द्वारा 43 पदों को स्वीकृत किया गया है किंतु इनमें से मात्र 14 पद भरे हुए हैं ऐसे में 29 पद आज तक रिक्त पड़े हुए हैं जिसके चलते आदिवासी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से दो चार हाथ होना पड़ता है

पद स्वीकृत होने के बाद भी आज तक नहीं हुई नियुक्ति

वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुछ नवीन नियुक्तियां हुई है किंतु उपकरणों की कमी के चलते यह नियुक्तियां भी निष्क्रिय साबित हो रही है। वर्तमान में मेडिकल विशेषज्ञ, सर्जरी विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, निश्चेतना विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, ओटी टेक्नीशियन, अस्पताल सहायक सहित अन्य आउट सोर्स के पद भी खाली है जिसके चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पूरी तरह से क्षेत्र वासियों को प्राप्त नहीं हो पा रहा है।

डेंटिस्ट की हुई नियुक्ति किंतु डेंटिस्ट चेयर ना होने से नहीं मिल रहा फायदा - सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दंत रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति शान द्वारा की गई है किंतु वर्तमान में डेंटिस्ट चेयर ना होने के चलते क्षेत्र वासियों को दंत रोग विशेषज्ञ का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है ऐसे में क्षेत्र वासियों ने शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से शीघ्र ही डेंटिस्ट चेयर की उपलब्धता कराए जाने की मांग की है जिससे क्षेत्र वासियों को डेंटिस्ट सुविधा का लाभ प्राप्त हो सके।

वर्तमान में क्षेत्र वासियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वीकृत पदों पर तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति करने एवं रिक्त पदों को भरने के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल का दर्जा देने की मांग शासन प्रशासन से की है।

कब मिलेगा सिविल अस्पताल का दर्जा क्षेत्रवासी कर रहे सवाल

क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और हाई रिस्क मशीनों से उपचार हेतु क्षेत्र वासियों द्वारा लंबे समय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव को सिविल अस्पताल बनाए जाने की मांग की जा रही है किंतु अब तक यह मांग पूरी नहीं हुई है हालांकि इस ओर जिले के सांसद विवेक बंटी साहू और क्षेत्रीय विधायक सुनील उईके द्वारा प्रयास किए गए थे किंतु उनके प्रयास न काफी ही साबित हुए हैं। वर्तमान में सिविल अस्पताल की शुगबुगाहट तो सुनाई दे रही है किंतु आधिकारिक और प्रशासनिक तौर पर किसी भी प्रकार के पत्र का ना आना वर्तमान में क्षेत्र वासियों की उम्मीद पर पानी फेर रहा है।

स्वैच्छिकता पर्व पर थावरी में हुआ पौधरोपण 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़े लोग

सिवनी, देशबन्धु । कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में जिलेभर में संचालित 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के स्थापना दिवस पर मनाए जा रहे स्वैच्छिकता पर्व के अवसर पर विकासखंड धनौरा के सेक्टर सालीवाड़ा अंतर्गत ग्राम थावरी में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक शाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। पौधरोपण के पश्चात बच्चों से संवाद कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया गया तथा अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने भी अधिक से अधिक पौधे लगाकर उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत थावरी की सरपंच तारा बाई पंद्रे, विकासखंड समन्वयक श्याम उइके, नवांकुर संस्था किसान प्रेरणा समिति के वीरसिंह वैश्ले, प्रधान पाठक देवीप्रसाद उइके, शिक्षकगण, आंगनबाड़ी सहायिका शांति सिंगोर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी भलावी, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सुकल सिंह मरावी, ग्रामवासी तथा आंगनबाड़ी के बच्चे उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सार-समाचार

केवलारी आईटीआई में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 12 को

सिवनी, देशबन्धु। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार तथा स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 12 अगस्त को प्रात: 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक शासकीय आईटीआई (पलारी तिराहा) केवलारी में युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न निजी कंपनियां साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं का चयन करेंगी। भर्ती प्रक्रिया के तहत ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर सहित विभिन्न पदों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई अथवा स्नातक उत्तीर्ण किया हो, वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूचियां तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ मेले में उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि मेले में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा तथा अधिक से अधिक पात्र युवाओं से इस रोजगार मेले का लाभ उठाने की अपील की है।

मधुमक्खी पालन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

जुन्नारदेव, देशबन्धु। नाबार्ड बैंक के दूरस्थ जुन्नारदेव क्षेत्र के 04 गांव पाडर, पिंडरई, मुसनी और कट्टा में मधुमक्खी पालन परियोजन का संचालन होना है, जिस हेतु चयनित ग्रामों मे डीडीएम-नाबार्ड छिन्दवाड़ा की स्वेता सिंह के मार्गदर्शन मे जागरूकता कार्यकर्म का आयोजन किया गया, इस मधुमक्खी पालन परियोजना से क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के साथद्दसाथ किसानो की आजीविका को बढ़ाने का कार्य किया जायगा। जागरुकता कार्यक्रम में उक्त गतिविधियो का आयोजन किया गया। मधुमक्खी जागरूकता रथ का गांवो में गीत संगीत के साथ भ्रमण, नारेबाजी के साथ ग्राम स्तरीय जागरूकता रैली मधुमक्खी पालन के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन और शपथ समारोह का आयोजन किया गया है। मधुमक्खी पालन जागरुकता अभियान का मुख्य उद्देश्य आदिवासीअंचलों में मधुमक्खियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए किसानों को प्रेरित करना हैं। जिससे मधुमक्खियों के पारम्परिक शिकार से बचाव एवं वैज्ञानिक पद्धति से मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करना है। मधुमक्खी पालन कार्यक्रम से किसानों को होने वाले लाभों (परागीकरण, शहद, मोम, जैवविवधता, पर्यावरण संरक्षण) को नवाचारी रोचक गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। जिससे किसानों को कम समय व लागत में अतिरिक्त सतत आय के साधन को बढ़ावा देना हैं। इस मधुमक्खी जागरुकता कार्यक्रम के आयोजन में यूटीएमटी सोसायटी जुन्नारदेव की टीम से ओमप्रकाश पाठे, रेशमलाल डेहरिया, प्रदीप विश्वकर्मा, महेश यदुवंशी, राकेश यादव, करन राज भोपा, राहुल धुर्वे, संतलाल इवनाती की मुख्य भूमिका रही।

संत रविदास के समता संदेश से गूंजा छात्रावास

गोटेगांव, देशबन्धु। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं नेत्र संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संत रविदास जी के जीवन-दर्शन, समता, मानवता, सेवा और सद्भाव के संदेश को छात्राओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया गया। साथ ही स्वास्थ्य एवं मानसिक विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन देकर स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती पार्वती कतियाके आमंत्रण पर पहुंचे विशेषज्ञों ने छात्राओं से संवाद करते

स्वास्थ्य व नेत्र सुरक्षा के प्रति छात्राओं को किया जागरुक

हुए संत रविदास जी के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उनके प्रसिद्ध पद 'ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न...' का भावार्थ समझाते हुए बताया गया कि संत रविदास ऐसे समाज की कल्पना करते थे, जहां किसी प्रकार का भेदभाव न हो और सभी लोग समान सम्मान, प्रेम एवं भाईचारे के साथ जीवन व्यतीत करें।

कार्यक्रम में डॉ. संदीप चौधरी ने छात्राओं को आंखों की नियमित जांच, देखभाल, मोबाइल एवं स्क्रीन के सीमित उपयोग तथा संतुलित दिनचर्या अपनाने के संबंध में जानकारी दी। वहीं डॉ. निशा साहू ने स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वच्छता, पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर मार्गदर्शन दिया।

कुष्ठ उन्मूलन की मुहिम तेज: आशा कार्यकर्ताओं को दिया विशेष प्रशिक्षण

गोटेगांव, देशबन्धु। जिले को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने अभियान को और तेज कर दिया है। कलेक्टर महोदया के निर्देशन में जिलेभर में संचालित कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बुधवार 5 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में कुष्ठ प्रभावित ग्रामों की आशा कार्यकर्ता सहयोगिनियों का एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में रोग की शीघ्र पहचान, संपर्क में आए लोगों की जांच, समय पर उपचार तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिला कुष्ठ इकाई एवं ब्लॉक स्वास्थ्य टीम के विशेषज्ञों ने सघन कुष्ठ खोज अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ब्लॉक क्षेत्र में पिछले दस वर्षों के दौरान चिन्हित किए गए सभी कुष्ठ रोगियों के संपर्क में आए लोगों (कॉन्टेक्ट) का घर-घर जाकर परीक्षण किया जाएगा। जांच के बाद पात्र व्यक्तियों को एसडीआर (सिंगल डोज रिफैम्पिसिन) दवा उपलब्ध कराकर संक्रमण की संभावना को कम किया जाएगा, जिससे भविष्य में नए मरीजों की संख्या घटाई जा सके और क्षेत्र को कुष्ठ मुक्त बनाने का लक्ष्य हासिल हो। प्रशिक्षकों ने आशा कार्यकर्ताओं को बताया कि कुष्ठ रोग का समय पर पता

दो नए मरीजों की पहचान कर तत्काल शुरु किया गया उपचार

चलने और नियमित उपचार मिलने से रोग पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए गांव स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्हें रोग के शुरुआती लक्षणों की पहचान, संदिग्ध मरीजों को स्वास्थ्य संस्थान तक लाने, दवा सेवन की निगरानी तथा समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण का सकारात्मक परिणाम भी उसी दिन देखने को मिला। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा लाए गए दो संदिग्ध मरीजों का विशेषज्ञ टीम ने सत्यापन किया। जांच में दोनों मरीज कुष्ठ रोग से प्रभावित पाए गए, जिसके बाद उनका तत्काल पंजीयन कर उपचार प्रारंभ कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि समय पर उपचार मिलने से रोगियों को विकलांगता जैसी गंभीर जटिलताओं से बचाया जा सकेगा।

कार्यक्रम में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ), बीसीएम, बीई, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), एनएमए सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आशा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने ग्रामों में नियमित भ्रमण कर संदिग्ध मरीजों की पहचान करें तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि कुष्ठ रोग पूरी तरह उपचार योग्य बीमारी है। समय पर जांच, नियमित दवा और जन-जागरूकता के माध्यम से इसे जड़ से समाप्त किया जा सकता है।

जिले में भाजपा अनु. जनजाति मोर्चा की नई कार्यकारिणी घोषित

अर्जुन उईके अध्यक्ष, राजीव उईके महामंत्री , महेंन्द्र उईके मीडिया प्रभारी बने

सिवनी/छपारा, देशबन्धु । भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा, जिला सिवनी की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के निर्देश और प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह टेकाम, प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, भाजपा जिला प्रभारी अशोक रोहाणी, संभाग प्रभारी संजय कुशराम एवं जिला अध्यक्ष मीना बिसेन की अनुशंसा पर की गई है।

जिला अध्यक्ष अर्जुन उइके ने बताया कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से 19 पदाधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं।

नई कार्यकारिणी में प्रमुख पदाधिकारी जिला अध्यक्ष अर्जुन उइके महामंत्री सुनील टेकाम, राजीव उइके उपाध्यक्ष मनोज उइके, शेरसिंह उइके, नोमी सिंह परते, विजय परते,

बसोरी लाल ताराम, शैलेन्द्र राजगोंडी कोषाध्यक्ष डी.एल. नामी मीडिया प्रभारी महेन्द्र उइके कार्यकारिणी में घंसौर, बरघाट, कुरई, कान्हीवाड़ा, लखनादौन सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिनिधियों को जगह दी गई है। महिलाओं के प्रतिनिधित्व के लिए श्रीमती रीना बरकडे और श्रीमती शशिकला काकोदिया को मंत्री बनाया गया है।

जिला अध्यक्ष अर्जुन उइके ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि 'सेवा ही संगठन' के मंत्र के साथ पार्टी की नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और अनुसूचित जनजाति समाज के उत्थान के लिए टीम मिलकर काम करेगी।

नवनियुक्त टीम ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने का संकल्प लिया।

दैनिक राशिफल

गुरुवार 06 अगस्त 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, श्रावण कृष्ण पक्ष की अष्टमी, नक्षत्र-भरणी

मेष - अनुकूलता से भरपूर आज के दिन आप सभी काम तन-मन की स्थिरता के साथ करेंगे। इस कारण काम करने में उत्साह और स्फूर्ति का अनुभव होगा।

वृषभ - आज आपका मन अनेक प्रकार की परेशानियों से घिरा रहेगा। स्वास्थ्य खराब होगा। घर में पारिवारिक सदस्य और स्नेहीजनों की तरफ से विरोध का वातावरण निर्मित होगा।

मिथुन - आज आर्थिक, सामाजिक और कुटुंबजनों से लाभ का दिन है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे खर्च भी होगा। **क-899-790**

कर्क - आज का दिन आप के व्यवसाय के लिए लाभदायी है। आप पर उच्च अधिकारियों की कृपा रहेगी। आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी। पदोन्नति की संभावना है।

सिंह - आज का दिन आलस्य तथा थकान में गुजरेगा। स्वभाव में उग्रता के कारण मानसिक रूप से व्यग्रता रहेगी। पेट दर्द के कारण परेशानी होगी।

कन्या - आपको खान-पान में विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। आपमें आवेश और क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी पर भी संयम बरतने की जरुरत है।

तुला - आज सांसारिक जीवन का विशेष रूप से आनंद उठा सकते हैं। परिजनों के साथ सामाजिक काम के सिलसिले में बाहर जा सकते हैं।

वृश्चिक - पारिवारिक सुख- शांति के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। निर्धारित कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

धनु - हाथ में लिए हुए काम में असफलता मिलने से हताशा आएगी। संतान की शिक्षा या स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। यात्रा न करना आपके लिए लाभदायक होगा।

मकर - आप का आज का दिन मध्यम फलदायी है। शारीरिक एवं मानसिक रूप से आज प्रतिकूलता का अनुभव करेंगे। घर में परिजनों के साथ विवाद से मन में अशांति रहेगी।

कुंभ - चिंताओं के बादल हटने से आप मानसिक हल्कापन महसूस करेंगे। मन में उत्साह का संचार होगा, जिस वजह से दिनभर का समय आनंदपूर्वक गुजरेगा।

मीन - आज आप को खर्च पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। क्रोध और जिह्वा पर संयम रखें। अन्यथा किसी से विवाद होने की आशंका है। **मॉ-257-790**

1,6,3,9-16,64,32,95,42,50,89,01

मप्र जन अभियान परिषद की बैठक आयोजित

बरघाट, देशबन्धु। संवाद योजना अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम 2026 के तहत विकासखंड स्तरीय मासिक बैठक 4 अगस्त स्थान जनपद पंचायत बरघाट विकासखंड बरघाट में संपन्न हुई। बैठक में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी और ब्लॉक समन्वयक श्रीमती शोभना ठाकरे के निर्देशन में सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया ।

जिसमें हमारे मुख्य अतिथि शीला भालेकर,(जनपद सदस्य),जनपद सी, ई, ओ, परते मैडम ,जनपद पंचायत इंस्पेक्टर श्री केवल जी परते,जी के द्वारा पूजन किया गया। सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन पुष्प गुच्छों द्वारा किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की रूपरेखा

श्रीमती शोभना ठाकरे द्वारा रखी गई । जिसमें जनपद सी ई ओ मैडम द्वारा मध्य प्रदेश सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें जन्म से पहले और मृत्यु तक की सारी सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। आंगनवाड़ी से लेकर ग्राम पंचायत तक कि सारी जनकल्याणकारी योजनाओं के जानकारी दी गई।

पंचायत इंस्पेक्टर केवल परते द्वारा पर्यावरण संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, जल संरक्षण, नशा मुक्ति और अनेक प्रकार के संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसी कड़ी में नवांकुर संस्था मां शक्ति संस्थान पखारा के प्रमुख भारत लाल देशमुख द्वारा सीएमसीएलडीपी के अंतर्गत बीएसडब्ल्यु/ एमएसउडब्ल्यू कोर्स की जानकारी दी गई। इसके पश्चात बरघाट नगर पार्षद हेमंत राहंगडाले द्वारा सभी परिवारों में संस्कार क्यों जरूरी है यह बताया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन धनीराम ठाकुर दीनबंधु विकलांग संस्था प्रमुख द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का आभार ब्लॉक समन्वयक श्रीमती शोभना ठाकरे द्वारा आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में उचित भोजन व्यवस्था की गई ।

कार्यक्रम में सभी नवांकुर प्रमुख हिमांशु चौहान प्रयत्न फाउंडेशन संस्था जाम, तामसिंह राहंगडाले ग्राम मंगल सशक्तिकरण संस्थान पोनार कला और ह्यूमन रिसोर्स फेडरेशन संस्था बरघाट से सुनील नागदेव समस्त मेंटर्स मनेश्वर बिसेन ,प्रकाश शरणागत ,अभिलाषा राहंगडाले,और भूपेंद्र देशमुख व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव और सदस्य लोग उपस्थित रहे।

बरघाट में कराटे बेल्ट परीक्षा आयोजित

बरघाट, देशबन्धु। शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर बरघाट व जिला कराटे संघ एवं शोतोकान कराटे अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में 04 अगस्त को कराटे बेल्ट परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। परीक्षा शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर के संचालक सेंसेई संस्कार पटले एवं जिला कराटे संघ के शिहान ओमकार कश्यप के निर्देशन में संपन्न हुई। परीक्षा में खिलाड़ियों ने कराटे की तकनीकों, अनुशासन, आत्मरक्षा एवं शारीरिक दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा उपरांत दक्षित चौहान एवं पाखी अवधिया को येलो बेल्ट, पूर्वांश मरकाम, उत्कर्ष ठाकुर एवं गीतांशी प्रजापति को ऑरेंज बेल्ट, भव्य मरस्कोले एवं पूनम चौधरी को ब्लू बेल्ट तथा एशाम खान को ब्राउन बेल्ट प्रदान की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि सुजीत सिंह सूर्यवंशी, नगर परिषद के एल्डरमैन राजेंद्र सिंह ठाकुर एवं आईटीआई विधायक प्रतिनिधि सत्यान्श भट्ट उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी सफल खिलाड़ियों को बेल्ट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा नियमित अभ्यास, अनुशासन और खेल भावना के साथ आगे बढ़कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। सेंसेई संस्कार पटले एवं शिहान ओमकार कश्यप ने सभी खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।